Title: Need to increase the police force to check the detriorating law and order situation in Himachal Pradesh.

श्री के.डी.सुल्तानपुरी (शिमला): सभापति महोदय, हिमाचल प्रदेश में एक ऐसी दुर्घटना हो गई है जैसी पहले कभी नहीं हुई। हमारे चम्बा डिसट्रिक्ट के साथ सलूनी तहसील है। वहां के चार आदमी डोडा, जो जम्मू-कश्मीर का भाग है, में जड़ी-बूटी इकट्ठी करने गए थे। उनमें से तीन आदमियों को उग्रवादियों ने मार दिया। उनके परिवारजनों को राज्य सरकार ने कुछ मदद दी है। मैं भारत सरकार से कहना चाहूंगा कि इस तरह से जो उग्रवादिता बढ़ रही है, उसे रोकने का प्रयत्न करें।

एक और मामला दलित महिला के साथ हुआ है। पहले उसके साथ रेप किया गया, फिर उसे पेड़ पर बांधकर उस पर तेल छिड़ककर मार दिया गया। हिमाचल प्रदेश में यह पहला हादसा हुआ है। जब यह सरकार बनी है तो इसे चाहिए कि हिमाचल प्रदेश में इस तरह के बाक्यात न होने दे। वहां बाहर के लोग जा रहे हैं जिससे उग्रवादिता बढ़ रही है।

मेरे चुनाव क्षेत्र में १८ महीने की एक लड़की को तहसील कसौली से उठाकर ले गए हैं और आज तक उसका कोई पता नहीं है। मैं जोर देकर कहना चाहूंगा कि भारत सरकार हिमाचल प्रदेश को दो बटालियन भर्ती करने के लिए मदद दे और प्रधानमंत्री जी इस पर खास तौर से तवज्जह दें। वहां पर पुलिस फोर्स बढ़ाई जाए ताकि लॉ एंड आर्डर ठीक हो सके। वहां थाने पुरानी प्रथा के हिसाब से बने हुए हैं। अब आबादी बढ़ गई है और उग्रवादिता फैल गई है, इसलिए उसे रोकने का प्रयत्न करें।

... (व्यवधान)

श्री चमन लाल गुप्त (ऊधमपुर): सभापति महोदय, इन्होंने अभी एक ईशू पर बोला है, अब फिर से इनका नाम आ गया है।